**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2172**
**उत्तर देने की तारीख-05/08/2024**

**राजस्थान में केन्द्रीय विद्यालय (के.वी.) और जवाहर नवोदय विद्यालय (जे.एन.वी.)**

**2172. श्री मुरारी लाल मीना:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में केन्द्रीय विद्यालयों (के.वी.) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जे.एन.वी.) की संख्या कितनी है;
(ख) इन विद्यालयों की स्थापना के लिए क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं;
(ग) राजस्थान के दौसा और बांदीकुई में कार्यरत केन्द्रीय विद्यालयों के भवनों की स्थिति क्या है; और
(घ) सरकार का विचार कब तक उक्त विद्यालयों को भवनों में स्थानांतरित करने का है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख) वर्तमान में, राजस्थान राज्य में 77 केन्द्रीय विद्यालय (केवि) और 35 जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) कार्यरत हैं।

नए केन्द्रीय विद्यालयों का खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय मुख्य रूप से रक्षा एवं अर्धसैनिक बलों, केन्द्रीय स्वायत्त निकायों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) के कार्मिकों, सहित स्थानांतरित होने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पूरे देश में शिक्षा का एक साझा कार्यक्रम संचालित कर खोले जाते हैं । नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल होती है। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए जनवि खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन निःशुल्क उपलब्ध कराने की संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करती है। नये जनवि की स्वीकृति और उद्घाटन सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है। दिनांक 31.05.2014 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान राज्य के सभी 33 जिलों को नविस योजना के तहत कवर किया गया है और कुल 35 जनवि कार्यात्मक हैं, जिनमें बांसवाड़ा जिले (अनुसूचित जनजाति बहुल) और श्री गंगानगर जिले (अनुसूचित जाति बहुल) में एक-एक अतिरिक्त जनवि शामिल हैं।

(ग) और (घ) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान में केवि, दौसा और केवि, बांदीकुई के भवन निर्माण चरण में हैं और कार्य की प्रगति क्रमशः 85% और 55% है। केन्द्रीय विद्यालयों के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केन्द्रीय विद्यालयों के पक्ष में पट्टे की औपचारिकताओं को पूरा करना, निर्माण एजेंसी द्वारा चित्र/अनुमान प्रस्तुत करना, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करता है, अतः समय सीमा का निर्धारण संभव नहीं है।

*****